>

Title: Issue regarding caste and domicile certificates for the students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का समय दिया।...(व्यवधान) मैं आपका आभारी हूं।...(व्यवधान) पूरे देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के तमाम अभ्यर्थी हैं, बच्चे हैं जो पढ़ रहे हैं जिनके माता-पिता तीस-चालीस सालों से और उस से भी ज्यादा समय से रहने वाले लोग महाराष्ट्र में कोयले खदानों एवं अन्य स्थानों में काम करते हैं।...(व्यवधान) वे बहुत ही गरीब हैं और मज़दूर हैं, मध्यमवर्गीय हैं।...(व्यवधान) उन बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल में प्रवेश हेतु या नौकरी में कहीं भी आवेदन करने के लिए जाति प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती है।...(व्यवधान) महाराष्ट्र, मुंबई में और अन्य प्रदेशों के कुछ क्षेत्रों में उन से पिछले पचास वर्ष के निवास प्रमाण-पत्र मांगे जाते हैं जबकि वे परिवार वहां तीस-चालीस सालों से और पचास साल से कम समय से रह रहे हैं।...(व्यवधान) ऐसे बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र तत्काल बनाए जाएं ताकि वे स्कूलों में प्रवेश ले सकें और नौकरियों में उन्हें प्राथमिकता मिले ताकि वे आगे पढ़ सकें और नौकरियों में जाकर अपने परिवार का जीवन-यापन कर सकें।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again at 3.00 o'clock.

14.07 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fifteen

of the Clock.

15.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fifteen of the Clock.

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

MR. CHAIRMAN: Now, we will take up Discussion Under Rule 193. Shrimati Sushma Swaraj to speak.

...(*Interruptions*)

15.0 Â¼ hrs

At this stage, Shri S.P.Y. Reddy and some other hon. Members came

and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)

15.0 Â½ hrs

At this stage, Shri K. Narayan Rao and some other hon. Members came

and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)